केन्द्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी)

प्रैस प्रकाशनी

दिनांकः 25.09.2019

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केन्द्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के 13वें संस्करण का आयोजन दिनांक 08.12.2019 (रविवार) को करेगा । यह परीक्षा पूरे देश में 110 शहरों में आयोजित की जायेगी । सीटीईटी दिसम्बर 2019 परीक्षा की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 19.08.2019 से आरंभ हो चुकी है ।

यह सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30.09.2019 (सोमवार) तक बढ़ा दी गई है एवं 03.10.2019 (गुरुवार) सायं 15.30 बजे तक शुल्क का भुगतान किया जा सकता है । आवेदन पत्र के विवरण में ऑनलाइन संशोधन की सुविधा 04.10.2019 (षुक्रवार) से 10.10.2019 (गुरुवार) तक उपलब्ध रहेगी । इस तिथि के उपरान्त, किसी भी परिस्थिति में किसी संषोधन की अनुमति नहीं होगी ।

विस्तृत सूचना–बुलेटिन जिसमें परीक्षा, भाषायें, पाठ्यक्रम, योग्यता मानदंड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा शहर शामिल हैं, सीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट www.ctet.nic.in पर उपलब्ध है । तदनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं ।

निदेशक (के.अ.पा.प.)
एवं
सचिव, के.मा.शि.बो.

केन्द्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा एकक, पी0 एस0 1–2 इन्स्टीट्यूशनल एरिया, आई0 पी0 एक्स0 पटपड़गंज, दिल्ली–110092
CTET Unit, PS, 1-2 Institutional Area, I.P. Extension. Patparganj, Delhi-110092
फोन/Telephone:+91-11-22235774, 22247154, 22247176 वेबसाइट Website: www.ctet.nic.in